बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग

संकल्प संख्या–भवन/10–विविध(द0बि0)–133/2022......5516(भ)........../ पटना, दिनांक–16/6/24

:: **संकल्प** ::

श्री शंभु शरण सिंह, तत्कालीन सहायक अभियंता, सचिवालय अवर प्रमंडल, केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना सम्प्रति सेवानिवृत्त के विरूद्ध केन्द्रीय भवन प्रमंडल में बिना कार्य कराये भुगतान किये जाने संबंधी आरोप के लिए अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल से प्राप्त मंतव्य युक्त जाँच प्रतिवेदन के आलोक में श्री सिंह के विरूद्ध विभागीय संकल्प संख्या –4284(भ0) दिनांक–04.06.2024 द्वारा विभागीय कार्यवाही/अनुशासनिक कार्यवाही संस्थित की गयी, जिसमें मुख्य अभियंता (उत्तर) को संचालन पदाधिकारी एवं विभाग का पक्ष रखने के लिए श्री निर्भय सचान, योजना अभियंता, मुख्य अभियंता (पटना) उपभाग को प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी नियुक्त किया गया था।

2. तत्कालीन मुख्य अभियंता (उत्तर) के सेवानिवृत्त के पश्चात् श्री रामाज्ञा कुमार को मुख्य अभियंता (उत्तर) का प्रभार दिया गया। उक्त कार्रवाई श्री कुमार, अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, पटना के जाँच प्रतिवेदन के आधार पर संस्थित की गयी थी तथा वर्त्तमान में श्री कुमार हीं मुख्य अभियंता (उत्तर) के पद पर पदस्थापित हैं। अतएव उनके द्वारा अपने ही आदेश से गलत साबित करना नैसर्गिक न्याय सिद्धांत के अनुसार सही नहीं है।

3. अतः श्री शंभु शरण सिंह, तत्कालीन सहायक अभियंता, सचिवालय अवर प्रमंडल, केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना सम्प्रति सेवानिवृत्त के विरूद्ध संचालित विभागीय कार्यवाही/अनुशासनिक कार्यवाही में मुख्य अभियंता (गुणवत्ता अनुश्रवण), भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को संचालन पदाधिकारी नामित किया जाता है।

4. प्रस्ताव में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

15/6/24

(शिव रंजन)

सरकार के संयुक्त सचिव,

भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक–भवन/10–आरोप(द0बि0)–133/2022.......5516(भ)/ पटना, दिनांक– 16/6/24

प्रतिलिपिः–मुख्य अभियंता (गुणवत्ता अनुश्रवण)–सह–संचालन पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

संचालन पदाधिकारी से अनुरोध है कि श्री सिंह के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही/अनुशासनिक कार्यवाही यथाशीघ्र सम्पन्न कर जाँच प्रतिवेदन उपलब्ध करायी जाय।

15/6/24

सरकार के संयुक्त सचिव,

भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

कृ0पृ0उ0

D//Sanjay Singh//Gopal Jee-2024//Adhisuchna, Adesh

ज्ञापांक–भवन / 10–आरोप(द0बि0)–133 / 2022...5516(भ)... / पटना, दिनांक– 16/6/26

प्रतिलिपिः–मुख्य अभियंता (उत्तर)–सह–संचालन पदाधिकारी से अनुरोध है कि श्री सिंह के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही संचालन हेतु सारे कागजात / अभिलेख नये संचालन पदाधिकारी (मुख्य अभियंता, गुणवत्ता अनुश्रवण) को यथाशीघ्र उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

सरकार के संयुक्त सचिव,
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक–भवन / 10–आरोप(द0बि0)–133 / 2022...5516(भ)... / पटना, दिनांक– 16/6/26

प्रतिलिपिः–श्री निर्भय सचान, योजना अभियंता, मुख्य अभियंता (पटना)–सह–प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी / श्री शंभु शरण सिंह, तत्कालीन सहायक अभियंता, सचिवालय अवर प्रमंडल, केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना सम्प्रति सेवानिवृत्त पता–ग्राम+मो0–अलका कॉलोनी, संदलपुर रोड, कुम्हरार, डाक घर–महेन्द्रु, थाना–बहादुरपुर, जिला–पटना, पिन–800006 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

सरकार के संयुक्त सचिव,
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक–भवन / 10–आरोप(द0बि0)–133 / 2022...5516(भ)... / पटना, दिनांक– 16/6/26

प्रतिलिपिः–महालेखाकार, बिहार, पटना / प्रभारी पदाधिकारी, वित्त (वै0दा0नि0को0) विभाग, पटना / कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार निर्माण भवन, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

सरकार के संयुक्त सचिव,
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक–भवन / 10–आरोप(द0बि0)–133 / 2022...5516(भ)... / पटना, दिनांक– 16/6/26

प्रतिलिपिः–माननीय मंत्री के आप्त सचिव / सचिव के प्रधान आप्त सचिव, भवन निर्माण विभाग, पटना / प्रधान सचिव / सचिव, पथ निर्माण विभाग / ग्रामीण कार्य विभाग / अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग / सभी संयुक्त सचिव / उप सचिव / सभी मुख्य अभियंता, भवन निर्माण विभाग / अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, भवन निर्माण विभाग, पटना / प्रशाखा पदाधिकारी, राजपत्रित स्थापना प्रशाखा–02, भवन निर्माण विभाग, पटना / आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ प्रेषित।

सरकार के संयुक्त सचिव,
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।